## खबर संक्षेप

### महिलाओं के डेयरी पार्लर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

छिन्दवाड़ा। जिले में पातालकोट आजीविका उत्पाद के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्थानीय स्तर पर विभिन्न उत्पाद तैयार कर उनका विक्रय किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम कामठी में एकता नमन स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित डेयरी पार्लर का आज कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। महिलाओं ने बताया कि वर्तमान में उन्हें महीने में लगभग 9 हजार रुपये तक की आय हो रही है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आय को और बढ़ाने के लिए समूह की महिलाओं को बड़े स्तर पर उत्पादन और विपणन की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन की ओर से उन्हें हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

### शासकीय उ.मा.विद्यालय उमरिया इसरा का आकस्मिक निरीक्षण

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल ने आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया इसरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई तथा विद्यालय में क्लैट एवं सी ई यू टी की कक्षाओं का संचालन नहीं किया जा रहा है, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला भी क्रियाशील स्थिति में नहीं पाई गई, शौचालय साफ सुथरे नहीं पाए गए, जिससे जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला उमरिया इसरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई, किंतु कुछ कक्षाओं के विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर न्यून पाया गया। माध्यमिक स्तर के कुछ विद्यार्थियों को हिंदी एवं अंग्रेजी विषय पढ़ने में कठिनाई हो रही थी।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन से 17 सितंबर से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक होंगे कार्यक्रम

# 100 दिवसीय शिविरों में होगा बेहतर ईलाजः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

सेवा ही संकल्प अभियान को लेकर पिछले वर्ष छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में 100 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 80 हजार से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए सैंकड़ों मरीजों का अलग-अलग बीमारियों का छिंदवाड़ा सहित महानगरों में ऑपरेशन कराया गया था। इस दौरान गांवों में बिना ईलाज किए घरों में पड़े हुए मरीजों को भी शिविरों के माध्यम से बेहतर उपचार मिला था।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दोनों जिलों में 100 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से बेहतर ईलाज मिल सकेगा। उक्त आशय की जानकारी सांसद बंटी विवेक साहू ने मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा में आयोजित डॉक्टरों और अधिकारियों की बैठक लेते हुए दी। सांसद श्री साहू ने बैठक में बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दोनों जिलों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक दोनों जिलों में 100 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टॉफ की भूमिका अहम रहेगी। उक्त 100 दिवसीय स्वास्थ्य शिविरों की तिथि और स्थानों का चयन कर लिया गया है। जिसमें डॉक्टरों की टीम बनाकर शिविरों में पहुंचकर मरीजों का बेहतर ईलाज करना है। शिविरों में चिन्हित गंभीर मरीजों का जिला अस्पताल सहित महानगरों में भेजकर उचित ईलाज और ऑपरेशन किया जायेगा। उक्त शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का भी सहयोग लिया जायेगा। बैठक के दौरान सांसद श्री साहू ने अधिकारियों और डॉक्टरां से सुझाव भी मांगे जिस पर अधिकारियों और डॉक्टरां ने अपने सुझाव भी दिए। सांसद श्री साहू ने लोगों से अपील की है कि वे उक्त शिविरों के दौरान अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर इसका लाभ उठाए।



### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को बनाए सफल

मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा में आयोजित बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश सहित दोनों जिलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। दोनों जिलों में आयोजित होने वाले 100 शिविरों के साथ ही यह शिविर भी लगेंगे। जिसे भी सफल बनाने के लिए आप सभी को सहयोग करना है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों दिल्ली में देशभर के भाजपा सांसदों की कार्यशाला के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया है। इसी के तहत ही स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत देशभर में शिविर आयोजित किए जायेंगे, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष जांच होगी।

पांढुर्णा में व्यापारियों से किया संवाद

# स्वदेशी खरीदे, बेचे, जिए एवं अपनाएंः सांसद बंटी साहू




हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल ही व्यापारियों के साथ संवाद करने के निर्देश सांसदों के लिए जारी किए और देश में यह पहला ही संवाद है जो पांढुर्णा में हो रहा है। यह उद्बोधन करते हुए सांसद बंटी साहू ने बडी संख्या में एकत्र व्यापारी वर्ग को संदेश दिया कि स्वदेश अपनाए, स्वदेशी जिए, स्वदेशी सोचे, स्वदेशी खरीदे और बेचे। इन्होंने कहा कि आगामी 22 सितंबर से पूरे देश में जीएसटी में भारी कटौती होने जा रही है जिसके कारण व्यापारियों को खाने खाने की फुर्सत नहीं मिलेगी।

संवाद कार्यक्रम में सांसद महोदय को पूछने पर विक्रम मूलक ने बताया कि 2014 के पहले प्रतिवर्ष 1 लाख करोड टैक्स सरकार मिलता था। आज प्रतिवर्ष 210 लाख करोड टैक्स शासन को प्राप्त हो रहा है। 2014 के पहले 50 लाख लोग टैक्स्स चुकाते थे और आज 35 करोड लोग टैक्स चुका रहे है। सांसद ने कहा कि 75 साल तक हम विदेशी वैक्सीन पर जीवित थे लेकिन कोरोना काल में भारत ने स्वयं वैक्सीन बनाई और उसका निर्यात भी किया। सांसद महोदय ने कहा कि आज सूई, विमान, जहाज से लेकर ब्रम्होस मिसाईल तक भारत में बन रही है। पहले भारत विदेश पर निर्भर रहता था आज यह निर्भरता काफी कम हो गई है।

इन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने स्वदेशी के बल पर जो आक्रामकता दिखाई उससे पूरी दुनिया प्रभावित हो गई है। सांसद ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने अमेरिका से टैरिफ मामले में जो टक्कर ली वैसी टक्कर कोई दूसरा प्रधानमंत्री नहीं ले सकता था। भारत के किसानों का उत्पाद बिकता रहे इसलिए मोदीजी ने अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत आने का रास्ता नहीं दिया। आज के समारोह में भाजपा के नरेंद्र परमार, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छागानी, ब्रिजेश पोपट, अजय सिंह चौहान, महेंद्र घोडे, मदन साहू और पवन क्षत्रीय के अलावा सैकडों व्यापारी शामिल रहे।

# रोजगार मेले में 281 को ऑफर लेटर, पंजीयन हुआ 331 का

## सांसद, पूर्व मंत्री और कलेक्टर ने युवाओं को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

आज यहां कृषि उपज मंडी प्रांगण में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन हुआ। इसमें कुल 331 युवाओं ने पंजियन किया जिसमें से 281 को मेले में आई कंपनियों ने आज ही ऑफर लेटर जारी कर दिए। इस अवसर पर सांसद बंटी साहू ने कहा कि हमारी भाजपा सरकार का लगातार प्रयास रहा है कि युवाओं को निरंतर रोजगार मिलता रहे।

कलेक्टर अजय देव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निर्देशन में विकसित भारत की संकल्पना पर जोरदार काम हो रहा है। शासन की नीतियों के कारण प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन हो रहा है। पूर्व मंत्री नानाभाउ मोहोड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ौर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नीतियों के कारण अधिकाधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावनाएं



काफी बढ गई। आज इस जिला स्तरीय रोजगार मेला में कौशल एवं विकास उद्यमिता विकास संस्थान अंबुजा फाउंडेशन, सनसुर सृष्टि इंटरप्राइजेस, साईप्रसाद इंडसट्रियल सर्विस, डीएंड के कैरियर काउंसलिंग एंड नेशनल स्टॉफिंग सर्विसेस, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित आटोमोबाईल प्रशिक्षण, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन आदिरातिथ्य प्रशिक्षण केंद्र भोपाल, फुटवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, सीआईआई राहुल बजाज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन स्किल्स, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांती योजना, हनु सिक्योरिटी सर्विसेस एंड ट्रेनिंग, वर्धमान फेब्रिक्स बुधनी, वर्धमान यार्न रायसेन, सुरूची फुड एंड प्रॉडक्ट, सतीजा मोटर्स, अपोलो टायर्स तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के अलावा अनेक रोजगारोन्मुखी संस्थाओं ने योग्यतावाले युवाओं की भर्ती के लिए मेले में काउंटर लगाए थे। आज रोजगार मेंले में पूरे जिले से शाला, कॉलेज और अन्य शिक्षित बेरोजगार बडी संख्या में पधारे थे। इस रोजगार मेले में भाजपा के अनेक जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी मौजूद रहे।

### सीईओ को किया गया नोडल अधिकारी नियुक्त

छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग एवं महानिदेशक, आर.सी. वी.पी. नरोन्हा प्रशासन व प्रबंधकीय अकादमी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2025 से 19 सितंबर 2025 तक कर्मयोगी **IGOT** पर सीखें सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के सुचारू संचालन और सभी शासकीय/संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पचांयत छिंदवाड़ा श्री अग्रिम कुमार को तत्काल प्रभाव से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त नोडल अधिकारी निर्देशानुसार कर्मयोगी **IGOT** पर सीखें सप्ताह के आयोजन के लिये जिले के सभी विभागों से समन्वय स्थापित करने एवं जिला और खंड स्तर पर आयोजित होने वाले उन्मुखीकरण/प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सफल संचालन में सहयोग करने संबंधी कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे ।

### जैविक खेती को बढ़ावा देकर उसे अपनाएं किसान : बंटी विवेक साहू

छिंदवाड़ा। खेतों में अधिक समय तक अधिक पैदावार करने के लिए जैविक खेती सबसे उपयुक्त साधन है, इससे जहां खेतों की सेहत बनी रहती है वहीं लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका अनुकूल प्रभाव पड़ता है। रासायनिक खादों के प्रयोग से खेतों की सेहत तो खराब हो रही है वहीं इसका विपरीत असर आम लोगों के जीवन में भी पड़ रहा है। इसलिए बेहतर है कि समय रहते किसान जैविक खेती को अपनाते हुए इसके बढ़ावा दे। उक्त आशय के उद्गार राजाभोज फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए सांसद सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि किसानों ने आधुनिक खेती कों अपनाया है। आज ड्रोन के माध्यम से किसान आसानी से अपने खेतों में दवाओं का छिड़काव कर पा रहे है। इससे समय और लागत दोनों में कमी आई है। सांसद श्री साहू ने इस दौरान कंपनी द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों को भी देखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय डबल करने अनेकानेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इसी प्रकार राजा भोज फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। यह हमारे जिले के लिए बहुत ही अच्छा संदेश है।

# श्रीमद्भगवदगीता के 7 वें अध्याय के पाठ का किया तर्पण

## बड़ी संख्या में मौजूद रहे श्रद्धालु, प्रसाद भी बांटा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सन्त श्री आशाराम जी आश्रम लिंगा में श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधकों ने आज गुरुकुल के पूर्व संचालक शरद पोटाला की पूज्य माता जी जय श्री पोटाला के परलोक गमन पर श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर वैदिक रूप से तर्पण किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि जिनका शरीर छूट जाता है उनके मोक्ष हेतु तीसरा, तेरहवीं, अस्थि विसर्जन, गंगापूजन का विधान है। किसी कारणवश समय पर यह सब ना कर पाएं तो भगवदगीता का पाठ कर पुण्य अर्पण करने का भी विधान है। इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा पूजन के समय भी पाठ किया जा सकता है। संस्था समय - समय पर सैनिकों के लिए या जिले के प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका शरीर छूट गया है उनकी सदगति के लिए यह सेवा कार्य करती हैं। समिति के उत्कृष्ट सेवाधारी संजु कराडे के पूज्य पिताजी जयदेव कराडे और वरिष्ठ पत्रकार शशिभूषण मिश्रा जी की पूज्य सासु माँ शीलरानी मणिशंकर दुबे के लिए भी पाठ कर विधिवत तर्पण किया। इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, सुभाष इंगले, अशोक कराडे, नारायण ताम्रकार, गोवर्धन मालवीय, कैलाश राउत, बबलू माहोरे, भूपेश पहाड़े, महिला समिति से लतीता घोगें, रुपाली इंगले, सुधा ताम्रकार, प्रीति सोंनारे आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# घर के पिछवाड़े मिला अचेत युवक, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया के टेक मोहल्ला में एक युवक अचेत अवस्था में खुद के घर के पिछवाड़े मिला। जिसे परिजन अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह मामला हत्या का है, या आत्म हत्या का है, पुलिस जांच कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार परासिया वार्ड 4 टेक मोहल्ला में रहने वाला करीब 27 वर्षीय सारुफ खुद के घर के पिछवाड़े अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर पुलिस को सूचना दिन। जिसके पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। परिजनों का कहना है, कि मृतक रात में घर से निकला था। सुबह करीब 6 बजे पड़ोसियों ने उन्हें घर के पीछे पड़ा होने का बताया, तो वे उसे लेकर अस्पताल गए। मृतक की शादी 3 साल पहले हुई। उसका 10 माह का बेटा है। मृतक के शरीर पर कुछ संदिग्ध निशान मिले हैं। हत्या या आत्म हत्या इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस मामले की गहन पड़ताल कर रही है।

**हत्या या आत्म हत्या, पुलिस कर रही जांच**

# अतिक्रमण तोड़ने वज्र वाहन और पुलिस बल लेकर पहुँचा राजस्व और नपा अमला

## शासकीय भूमि पर किया गया दस फिट का अतिक्रमण को किया धराशायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर पालिका परासिया के अंतर्गत खिरसाडोह रेलवे ब्रिज के समीप प्रशासनिक अधिकारियों ने लगभग 10 फिट की शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को तोड़ा। इस अतिक्रमण को तोड़ने के लिए राजस्व और नपा का अमला पुलिस बल और वज्र वाहन लेकर मौके पर पहुंचा।

मामला जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके से संबंधित होने के चलते, इस अतिक्रमण कार्यवाही की चर्चा दिन भर गरम रही।दरअसल जामई विधायक सुनील उइके का परासिया में खिरसाडोह रोड पर रेलवे ब्रिज के सामने शॉपिंग मॉल है। इस माल के पीछे एक नाला है। मॉल के पिछले हिस्से और नाले के बीच लगभग 10 फिट की जमीन सरकारी है। जिस पर दो कमरों का शौचालय निर्मित है।



नगर पालिका सी एम ओ को शॉपिंग मॉल का अधिकांश निर्माण सरकारी जमीन पर होने की शिकायत की गई थी। जिसके बाद सीमांकन हुआ और उसमें लगभग 10 फिट जमीन पर अतिक्रमण होना पाया गया। जिसे बुधवार को तोड़ा गया। विधायक सुनील उइके ने इस पूरी कार्यवाही को राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित बताया। उन्होंने ने यह भी कहा, कि शिकायतकर्ता खुद वेकोली की भूमि और क्वार्टर पर कब्ज़ा किए हुए है।






## दीपक बने जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक

**परासिया** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ छिंदवाड़ा द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा की नई कार्यकारणी गठित दीपक गेडाम को जन अभियान परिषद का जिला सयोजक नियुक्त किया 1 भवानी कुमरे उपाध्यक्ष विकासखंड समन्वयक मोहखेड़ 2 हरीश बेलवंशी सचिव डाटा एंट्री ऑपरेटर छिन्दवाड़ा 3दिलीप आठनेरे सहसचिव विकास खंड समन्वयक पांढुरना4 ललिता कुसरे कोषाध्यक्ष विकासरखंड समन्वव्यक चौरई 5 संजय बामने सह संयोजक विकासखंड समन्वयक जुन्नारदेव 6 संजीव भावरकर संरक्षक विकासखंड समन्वयक परासिया।

## नवीन जवाहर स्कूल में प्रदान की सेनेटरी पैड नेपकिन मशीन

**छिंदवाड़ा।** बालिका स्वस्थ शिक्षा के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाना बहुत आवश्यक है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा लगातार कार्य कर रहा है इसी श्रंखला में बुधवार 10 सितंबर 2025को रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा एवं रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट के द्वारा शहर के मध्य स्थित शासकीय नवीन जवाहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सी एस कॉम्प्लेक्स के पास छिंदवाड़ा में छात्राओं हेतु सेनेटरी नेपकिन पैड क्वाइस मशीन जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल एवं बी ई ओ अशरफ अली बी आर सी अजय केकतपूरे की उपस्थिति में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी, सचिव निलेश गुप्ता कोषाध्यक्ष रोटे रूपल अग्रवाल, रोटे मनोज अग्रवाल, रोटे दीपक साहू रोटे दीपक वोहरा, रोटे अमित मक्कड़,रोटे सचिन वर्मा ने संस्था प्राचार्य दिलीप कुमार ढोक को सेनेटरी पैड क्वाइस मशीन स्कूल की छात्राओं के उपयोग हेतु रोटरी क्लब ने प्रदान की।

### नाममात्र के बनकर रह गए हैं लोगों के ज्ञापन

# समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे सौंसर के अधिकारी, लोगों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सौंसर विधानसभा क्षेत्र में बन रही गुणवत्ताहीन सड़को को लेकर भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश अभियान संगठन द्वारा महाप्रबंधक प्रधानमंत्री सड़क योजना कार्यालय, ज़िला कलेक्टर पांढुर्ना को एक शिकायत पत्र सौंपा गया, ज्ञापन में क्षेत्र में अधूरे पड़े कार्य, टूटे हुए पुल और खराब सड़कों की सूची कार्रवाई की मांग की गई है। यदि ठेकेदार दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ज्ञापन में ग्राम आमला व जोबनी खापा मार्ग पर पुलिया निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे बरसात में ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। ग्राम सतनूर से सावंगा मार्ग की सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में कठिनाई हो रही है। ग्राम देवी, बडोसा, राघादेवी मार्ग पर 24 साल पुराना जर्जर पुलिया है, जो अब बहुत छोटा पड़ चुका है। यहां 20 गांवों का संपर्क टूट रहा है।ज्ञापन के दौरान अल्केश बागडे बंधु बेड़े दिनेश लाड़से ने बताया संगठन के माध्यम से निरंतर सौसर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उठाया जा रहा है साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों की समस्याओं को लेकर पूर्व में सौसर प्रशासन को कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं बावजूद इसके अधिकारियों के द्वारा खराब सड़कों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जल्दी यदि ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं की गई तो समस्याओं के समाधान के लिए संगठन की ओर से ग्रामीणों को साथ में लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी सौसर प्रशासन की होगी।

## श्री छत्रपति शिवाजी आईटीआई में हुआ सम्मान समारोह



**सौंसर।** नगर के श्री छत्रपति शिवाजी आई. टी.आई मे शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश का पूजन गायत्री मंत्र ओर मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्रा कुमारी शिवानी यादव मंच संचालन आयुष परतिती एवं हर्ष डोंगरे ने किया।इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई, जो भारत के दूसरे राष्ट्रपति और एक महान शिक्षक थे। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, डायरेक्टर आशीष ठाकरे ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना की और कहा कि वे छात्रों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए, एवं शिक्षकों के लिए अपनी भावनाएं शब्दों में व्यक्त की। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ में छात्रगण उपस्थित थे।

## बहुजन समाज पार्टी की नांदेपुर में हुई सेक्टर बैठक

**सौंसर।** ग्राम नांदेपुर में बहुजन समाज पार्टी की सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी के प्रतिमा अभिवादन पूजन के साथ किया गया।सेक्टर बैठक मे सर्वसम्मति से अनिल गजभिये को सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।बैठक में मुख्य रूप से बालाघाट बसपा जॉन प्रभारी अजाब शास्त्री, ज़ोन प्रभारीज्ञानेश्वर गजभिये, पांढुर्णा जिला अध्यक्ष अशोक गजभिये, सौसर विधानसभा अध्यक्ष सिद्धार्थ सोमकुंवर, सौसर विधानसभा प्रभारीमयूर गजभिये, अंकुश पाटिल, प्रवीण पाटिलआदि थे।



बैठक को संबोधित करते हुए बालाघाट बसपा जॉन प्रभारी अजॉब शास्त्री ने कहा बहुजन समाज पार्टी के द्वारा निरंतर संपूर्ण देश में बहुजन समाज में जन्मे हुए महापुरुषों की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।बहुजन समाज पार्टी के द्वारा निरंतर बहुजनों के सर्वांगीण विकास हक अधिकार और न्याय के लिए संपूर्ण देश में लड़ाई लड़ी जा रही है।बालाघाट जॉन प्रभारी ज्ञानेश्वर गजभिए ने कहां सौसर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरंतर बहुजन समाज पार्टी की बैठक के एवं नए पदाधिकारी को नियुक्ति करते हुए घर-घर में बसपा का कार्यकर्ता तैयार करने को लेकर कार्य किया जा रहा है। ताकि बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचा जा सके।

## विधायक ने सिंगोड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल में बांटी 100 से अधिक निशुल्क साईकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र सिंगोड़ी में आज अमरवाड़ा विधायक राजा कुंवर कमलेश प्रताप शाह के हंसते 100 से भी अधिक निःशुल्क साइकिलों का वितरण छात्र-छात्राओं को किया गया इस अवसर पर इनके साथ अनेक नेतागण एवं अतिथियों का स्वागत सत्कार पुष्प माला और पुष्प गुच्छ के माध्यम से किया गया।

तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्य द्वारा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को माननीय विधायक महोदय के समक्ष रखा गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमरवाड़ा विधायक राजा कुंवर कमलेश प्रताप शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार स्कूल शिक्षा विभाग के तहत शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने को लेकर एवं छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने और उन्नति को लेकर अनेक कार्य कर रही है ।इसी के चलते दूर दराज से आने जाने वाले बच्चों के लिए निःशुल्क साईकिल का वितरण सरकार द्वारा किया जा रहा है।



आज मुझे बहुत प्रसन्नता है बहुत खुशी है की इन नौजवान बच्चों को साईकिल मिलने से वह बहुत खुश है अब यह दूर-दूर गांव से साईकिल की मदद से समय पर स्कूल आएंगे और समय पर घर बापिस पहुंचेंगे। वहीं विद्यालय में पानी की समस्या की जानकारी लगते ही उन्होंने एक 1000 फिट बोर करने का भी आश्वासन दिया।साथ ही इंटरेक्टिव डिजिटल पैनल का रिमोट के माध्यम से प्रारंभ किया जिससे बच्चों को डिजिटल पढ़ाई हो सके एवं जे ई और नीट की कक्षाओं के बारे में भी बतलाया एवं एक पेड़ मां के नाम को लगाकर सभी लोगों को पेड़ लगाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर इनके साथ भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी ,नितिन तिवारी ,भाजपा नेता डॉक्टर उमेश शर्मा, सरपंच कपिल ठाकुर ,बंटी परिहार ,परसादी पटेल ,जनपद सदस्य योगेश यादव ,कैलाश साहू, पुष्प कुमार जैन ,राजेश कहार, अंकित जैन, दीपक साहू ,मोहित साहू ,अनमोल बत्रा ,स्वप्निल कच ,अविनेश जैन , राजकुमारी डहरिया , प्राचार्य बी एस सीलू , ओमकार शाह बरकड़े, बीरबल कुरेती, वरिष्ठ शिक्षक संजय सिन्हा ,नरेश साहू ,राजकुमार डेहरिया, सुधीर जैन , जगदीश ताम्रकार,श्रीकांत नागवंशी , शिक्षिका प्रीति यदुवंशी,रेखा उईके,मौलश्री चौरे, क्षमा बड़गैया, रूपाली घोष ,रागिनी जैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

### निक्कूम स्कूल के बच्चों से किया शैक्षणिक संवाद, बरसात में भी अब न रुकेगी पढ़ाई

# जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने स्कूल के विद्यार्थियों को किया छाता वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बरसात का मौसम हमारे जीवन में ठंडक और ताजगी लेकर आता है,लेकिन यह मौसम कई बार बच्चों की शिक्षा पर भारी पड़ता है।भीगते हुए विद्यालय पहुँचना,कपड़ों का गीला होना और बीमारियों का डर,ये सब उनकी पढ़ाई की राह में रुकावट बन जाते हैं।इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए आज दिनांक 10 सितंबर 2025 को छाता वितरित कार्यक्रम की श्रेणी में जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के सभापति हेमंत साहू के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निक्कुम में कक्षा 12वीं के बच्चों को छाता बांटा गया।जनपद पंचायत बिरसा के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में कक्षा 12वीं के बच्चों को छाता बांटने का कार्यक्रम एक मिसाल के रूप में पेश हो रहा है।हेमंत साहू की यह पहल हमें याद दिलाती है कि शिक्षा केवल किताबों और क्लासरूम तक सीमित नहीं है,बल्कि बच्चों को सीखने की राह आसान बनाने के लिए छोटे-छोटे कदम भी उतने ही जरूरी हैं।

छाते का मूल्य भले ही मामूली हो, लेकिन उसका प्रभाव गहरा है।यह नन्हें छात्रों को सुरक्षा का साया देता है और उन्हें यह भरोसा दिलाता है कि शिक्षा के प्रति सजग जनप्रतिनिधि उनके साथ खड़े हैं।बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी इस बात का प्रमाण है कि संवेदनशील पहल हमेशा बड़ा असर छोड़ती हैं।आज स्कूल में सबसे पहले उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा 10वीं और 12वीं के बच्चों से शैक्षणिक संवाद किया गया।बच्चों से उनके पाठ्य पुस्तक के पाठ्यक्रम,और विषय के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।बच्चों से अनेक सवाल किए गए।कुछ बच्चों के द्वारा पूछे गए सवालों का निडरता के साथ जवाब दिया गया।जबकि कुछ सवालों पर बच्चे जवाब देने से बचते नजर आए।साथ में आए हुए अतिथियों का द्वारा बच्चों से वार्षिक परीक्षा परिणाम के लक्ष्य के बारे में भी चर्चा की गई। शाला में पदस्थ शिक्षक डॉ.हरिशंकर यादव का हाल ही में सहायक प्राध्यापक के लिए चयन हुआ है,उन्हें सभी के द्वारा बधाई दी गई।जनपद पंचायत बिरसा के अध्यक्ष सविता धुर्वे के द्वारा भी बच्चों से संवाद किया गया ।आज के इस



कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को छाते देकर कहा कि यह सिर्फ बरसात से बचाव का साधन ही नहीं है बल्कि शिक्षा की राह में बाधा न आने देने का एक छोटा सा प्रयास भी है।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निक्कुम में छाता वितरण के दौरान आज जनपद पंचायत बिरसा के अध्यक्ष सविता धुर्वे,उपाध्यक्ष हेमंत साहू,निर्माण सभापति लक्ष्मीकांत धुर्वे,धनीराम पंचतिलक,संस्था प्रमुख एवं विकासखंड अधिकारी बैहर एन.के.वैद्य,डॉ.हरिशंकर यादव,रामशंकर सिंह,मनोहर बंसोड सहित समस्त स्टॉफ और बच्चों की उपस्थिति रही।स्कूल के प्राचार्य एन.के. वैद्य के द्वारा इस नवाचार पर सभी अतिथियों का आभार जताया गया।

## राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों ने किया बासी में खेतों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

किसानी को लाभ का धंधा बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा किसानों को धान की फसल के साथ-साथ मिलेट फसले लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। इसके साथ ही शासन द्वारा फसलों की गिरदावरी भी करवाई जा रही हैं। इसीलिए वारासिवनी तहसील के विभिन्न ग्रामों में राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से अभियान चलाया जा रहा हैं।

इसी कड़ी में 9 सितम्बर को वारासिवनी तहसील के अंतर्गत ग्राम बासी में राजस्व विभाग के पटवारी किशोर सोनी, सर्वेयर नरेन्द्र ठाकरे एवं कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी सुलोचना शेंडे द्वारा संयुक्त रुप से गिरदावरी का कार्य किया गया। जिसमें किसानों के खेतों में धान, मेड़ों पर लगी अरहर, तिल तथा पड़त भूमि में लगी मक्का फसल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम बासी में बायो फ्यूल एथेनॉल प्लांट के परिसर में लगभग 4 एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगाए गए मक्के की फसल का भी इन अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

कृषि विस्तार अधिकारी सुलोचना शेंडे ने किसानों को बताया कि वारासिवनी ब्लॉक में भी मक्का हो सकता हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण आपके सामने हैं। धान की खरीफ एवं रबी दोनों सीजन की फसलों के साथ मिलेट फसल जैसे कोदो, रागी, मक्का भी ली जा सकती हैं। यदि आपको कृषि को लाभ का धंधा बनाना हैं, तो किसान भाईयों को बदलाव लाना होगा। उन्होंने आगामी रबी सीजन में दलहनी, तिलहनी फसलों के साथ साथ मिलेट फसल रागी, कोदो, एवं मक्का लगाने की अपील की।

## विधिक जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में एक निजी शिक्षण संस्था में न्यायाधीश श्रीमती दिव्या सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वारासिवनी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पास्को अधिनियम यानी लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए श्रीमती सिंह ने बताया कि यह अधिनियम बाल यौन शोषण से संबंधित कानून है और आज का यह जागरूकता शिविर बाल यौन शोषण से संबंधित कानूनों से अवगत कराने के लिये आयोजित किया गया है। शिविर में बच्चों को ''अच्छा और बुरा स्पर्श'' यानी गुड टच एण्ड बैड टच की पहचान करना, बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिये उनके अधिकारों के बारे में बताने और इस संबंध में कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

उन्होंने बच्चों को बताया कि यदि वे विद्यालय में, अपने आस-पड़ोस में या अपने परिवार में स्वयं को असहज महसूस करते हैं, तो ऐसी स्थिति के बारे में अपने माता-पिता को सर्वप्रथम सूचित करें। इस आयोजित शिविर से मिली जानकारी को अपने परिवार और समाज में साझा करें। विद्यालय से आते एवं जाते समय मोटर यान संबंधी नियमों को भी ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि वाहन चलाने के लिये 18 वर्ष की आयु पूर्ण करना आवश्यक है, ड्राइविंग लाइसेंस का होना एवं वाहन का पंजीकरण एवं बीमा होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को दाएं-बाएं साइड के बारे में जानकारी दी गई।

जागरूकता शिविर में विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र मिश्रा सहित स्टाफ व लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर शिविर का लाभ उठाया।

## 19 वर्षीय युवती का शारीरिक शोषण कर गर्भवती बनाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** एक 19 वर्षीय युवती को रुपयों का लालच देकर उसका शारीरिक शोषण करने और उसे गर्भवती बना देने के आरोप में पुलिस ने एक 54 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया हैं। पीड़ित युवती के पिता नहीं हैं, वह अपनी माँ और छोटी बहन के साथ रहती हैं। आरोपी व्यक्ति ने उसके घर पर ही उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे।



जानकारी अनुसार वारासिवनी नगर के एक वार्ड में रहने वाली अविवाहित 19 वर्षीय युवती के पेट में दर्द होने पर उसके परिजन उसे चिकित्सालय में उपचार कराने के लिए ले गए। उपचार के दौरान पता चला कि युवती 2 माह की गर्भवती हैं। जिस पर युवती के परिजनों ने उससे पूछताछ की, तो उसने बताया कि लगभग 4-5 माह से उनके पड़ोस में रहने वाला 54 वर्षीय व्यक्ति भागचंद उर्फ किशोर मात्रे पिता महारुलाल मात्रे द्वारा उसे रुपये का लालच देकर उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा हैं। इस संबंध के चलते वह गर्भवती हो गई हैं।

जिसके बाद इस मामले की सूचना चिकित्सालय द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी को दी गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुँच कर युवती से मामले की जानकारी ली और आरोपी भागचंद उर्फ किशोर मात्रे पिता महारुलाल मात्रे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) (एम) 332(बी), 351(3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी भागचंद मात्रे को गिरफ्तार किया और आवश्यक कार्यवाही के बाद 9 सितम्बर को उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से सुनवाई के बाद न्यायालय ने उसे उपजेल वारा भेज दिया हैं।

### विधायक ने अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की

# खैरलाँजी थाना प्रभारी जुआ, सट्टा, बढ़ते अपराध व अवैध कामों पर लगाए रोक-विवेक

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी के सभा कक्ष में बुधवार को वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल और एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल की मौजूदगी में विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। इस दौरान बैठक में विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। वही ग्राम में होने वाली समस्याओं से विधायक श्री पटेल को अवगत कराया।



खैरलाँजी शिक्षा अधिकारी शंकरलाल भगत द्वारा ग्राम मिरगपुर और खरखडी में स्कूल भवन की जर्जर बिल्डिंग को तोडने, तो वहीं आजीविका मिशन विभाग के अधिकारियों ने भवन नहीं होने से होने वाली परेशानियों के बारे में विधायक विवेक विक्की पटेल को अवगत कराया। जिस पर विधायक श्री पटेल ने भवन जल्द बनवाने आश्वस्त किया। बैठक के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल और विभाग के अधिकारियों के साथ खाली पड़े जर्जर भवन का निरीक्षण किया और जल्द तुड़वाने की बात कहीं।

सरकार द्वारा हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत सभी को नल कनेक्शन दिया जा रहा है। मगर ठेकेदार की लापरवाही के कारण अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है, जिससे वहाँ निवास कर रहे ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गर्मी के पूर्व सभी को पर्याप्त पीने का पानी मिले, विभाग इसका ध्यान दे। जिसके बाद पीएचई अधिकारी जितेंद्र कारबेले ने विधायक को आश्वस्त किया कि लगभग एक माह के पूर्व काम पूरा हो जायेगा और गर्मी में किसी को पानी की परेशानियों से जूझना नहीं पड़ेगा।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने खैरलाँजी थाना प्रभारी रामसिंह पटेल को निर्देश दिए कि गाँव-गाँव में बिक रही शराब, दुकानों में जुआ, सट्टा चल रहा हैं, जिससे लगातार खैरलाँजी क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही है। ऐसे हो रहें अवैध कामों पर कार्यवाही करे अन्यथा क्षेत्र की जनता का आक्रोश पुलिस के खिलाफ दिखाई देगा, जिसकी जवाबदारी पुलिस विभाग की होगी।

**खबर संक्षेप**

## जिले में 1154.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 09 सितम्बर 25 तक 1154.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 09 सितम्बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 1009.8 मि.मी, कुरई में 828.1 मि.मी., बरघाट में 1039.1 मि.मी., केवलारी में 1370.5 मि.मी., छपारा 1057.5 मि.मी, लखनादौन में 1119.8 मिमी, धनौरा में 1099.0 मिमी एवं घंसौर में 1709.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 9233.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 09 सितम्बर 24 तक कुल 9735.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# सुअर के मांस सहित दो गिरफ्तार

**सिवनी जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत छपारा वन परिक्षेत्र के बारी ग्राम में जंगली सुअर के मांस के साथ 2 लोगो को वन अमले ने पकड़ा है। और इस मामले में 5 लोग फरार है जिनकी तलाश वन अमला कर रहा है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

वन परिक्षेत्र अधिकारी शरद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी बारी ग्राम में कुछ लोगो ने सुअर का शिकार किया है और उसका मांस पकाने की तैयारी जसर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद वन परिक्षेत्र अंतर्गत टीम का गठन कर बीजा देवरी बीट के ग्राम बारी में दबिश दी गई और मौके से जंगली सुअर के मांस के साथ 2 लोगो को पकड़ा जिनके पास से मांस बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में संत कुमार उर्फ रिंकू पिता मंगल सिंह यादव और पतूराम पिता गोकुल यादव के नाम शामिल हैं।

# बंडोल पुलिस ने 300 पाव देशी शराब एवं मोटर साईकिले की गई जप्त

**पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती सिमाला प्रसाद के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम द्वारा थाना क्षेत्र में तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

थाना प्रभारी बंडोल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिमरिया लखनवाडा का पप्पू सनोडिया भारी मात्रा में अवैध शराब काले रंग की हीरो होण्डा हंक कंपनी की मोटर सायकिल क्रमांक एमपी-20-एमटी-9099 में प्लास्टिक की बोरी और बैग में रखकर मुंगवानी तरफ जा रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी बंडोल उनि. अर्पित भैरम के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये टीम गठित करते हुये रवाना कर सिंगोड़ी जाम रोड तिराहा के पास हमराह स्टाफ के नाकाबंदी किया जो मोटर सायकिल क्रमांक एमपी-20-एमटी-9099 में एक व्यक्ति मो.सा. चलाते हुये आया जिसे रोककर उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम पप्पू उर्फ डिमाकचन्द सनोडिया पिता रमेश कुमार सनोडिया उम्र 51 साल निवासी ग्राम सिमरिया थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी का रहने वाला बताया तलाशी पर मोटर साईकिल के पीछे प्लास्टिक की बोरी एवं थैलानुमा चादर को चैक करने पर 06 पेटीयो में 200 पाव सफेद देशी प्लेन एवं 100 पाव देशी लाल मसाला कुल 300 पाव (54 लीटर) देशी शराब कीमती 31000 रूपये मिली आरोपी द्वारा शराब बेचने के संबंध में कोई वैध लायसेंस का होना नहीं बताया एवं उक्त शराब लाने के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राम बाबरिया कोहका डूंडासिवनी के रवि उर्फ सूरज डेहरिया से शराब खरीदना बताया जो आरोपीगणो के कब्जे से 54 लीटर देशी शराब मोटर सायकिल ,क्रमांक एमपी-20-एमटी-9099 कीमती करीबन 80000 रू. एवं हीरो एचएफ डीलक्स मोटर सायकल क्रमांक एमपी 22 एमएच -9742 कीमती करीबन 60000 को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

जप्ती मे 200 पाव सफेद देशी प्लेन एवं 100 पाव देशी लाल मसाला कुल 300 पाव (54 लीटर) शराब कीमती 31,000 रूपये होण्डा हंक कंपनी की मोटर सायकिल क्रमांक एमपी-20-एमटी-9099 कीमती 80,000 रूपये हीरो एचएफ डीलक्स मोटर सायकल क्रमांक एमपी 22 एमएच-9742 कीमती करीबन-60000 कुल मशरूका 1,71,000/- रूपये

# दिव्यांगजनों के बनाए जाए स्थाई रेल पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिव्यांगजनों ने रेल यात्रा हेतु स्थाई पास बनाने की मांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेषित पत्र में की है। पत्र में मप्र विद्युत मण्डल अधिकारी कर्मचारी दिव्यांग संघ के अध्यक्ष इंजी. नरेन्द्र सिंह ठाकुर, सचिव अल्हाज असदउल्ला खान, इंजी. लोकेश ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह गौर ने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को यात्रा किराया में कन्शेसन तो दिया जा रहा है लेकिन स ी प्रकार की ट्रेनों में यह सुविधा नहीं दी जाती है। संघ ने एसईसी रेलवे नागपुर से आग्रह किया है कि सिवनी,बालाघाट, मण्डला, छिदंवाड़ा में शिविर लगाकर दिव्यांगों के स्थाई पास बनाया जाए ताकि उन्हें यात्रा करने में सुविधा मिल सके। दिव्यांग संघ ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि उन्हें सभी ट्रेनों में कन्सेशन व स्थाई पास दिए जाए। जिससे उन्हें यात्रा करने में परेशानी न उठानी पड़े।

## सेवानिवृत्त प्रकरणों के निराकरण पर हुई चर्चा



शिक्षक कांग्रेस जिला शाखा की बैठक मंगलवार को नगर के तिकोना पार्क स्थित हॉटल में संपन्न हुई। बैठक में मु यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शिक्षक दिवस के दिन शिक्षको को चौथी क्रमोंन्नत वेतनमान घोषणा पर आभार व्यक्त किया गया। बैठक में शिक्षक के हित मांगो, सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रकरणों का समय पर निराकरण आदि पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मदन सक्सेना, अरूण सैनी, साजिद खान, मधुसूदन शांडिल्यल, जिला शाखा अध्यक्ष नरेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष विजय कोकने, तहसील अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, सचिव रघुराज सिंह राजपूत, डीआर सनोडिया, केके यादव आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत के लिए नपा द्वारा निकाली गई वाहन रैली



सिवनी।। आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि 13 सितम्बर 2025 को नगर पालिका के मानस भवन में प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। जिसमें नागरिकगण संपत्तिकर एवं जलकर करों का भुगतान कर अधिभार (सरजार्च) में प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 10 सितम्बर 2025 को नगर पालिका सिवनी द्वारा नगर के नागरिको को जागरूक करने के उद्देश्य से टिप्पर वाहनों की रैली निकाली गई एवं नेशनल लोक अदालत में अधिभार (सरजार्च) में प्रदाय की जाने वाली छूट की जानकारी दी गई एवं नागरिकों से अपने करों का भुगतान समय पर करने की अपील की गई।

## नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन में दिनांक 13 सितम्बर 2025 को जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं व्यवहार न्यायालय केवलारी तथा घंसौर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित समझौते योग्य आपराधिक, समस्त प्रकार के दीवानी, पारिवारिक विवाद, चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत संबंधी मामलें तथा बैंक ऋण वसूली एवं जलकर वसूली के पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जायेगा। पक्षकार नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरण का निराकरण कर समय एवं धन की बचत कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी ने जनता से प्रकरणों के संबंध में शासन द्वारा जारी की गई छूट का लाभ लेने की अपील है।

# भाजपा मनायेगी सेवा पखवाड़ा, बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारतीय जनता पार्टी पूरे देश की तरह सिवनी जिले में भी सेवा पखवाड़ा मनाएगी। कार्यक्रम भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू होकर गांधी जयंती तक चलेगा।

कार्यक्रम की व्यापक सफलता के लिये भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता में 11 सितंबर को दोपहर 2 बजे जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिये रूपरेखा तय की जायेगी। सेवा पखवाड़े के संचालन के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी को जिला संयोजक बनाया गया है। सह संयोजकों में भाजपा उपाध्यक्ष अनिल गोल्हानी, आनंद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया और विवेक बिसेन शामिल हैं। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निम्न प्रमुख गतिविधियाँ होंगी रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण अभियान, प्रदर्शनी एवं डॉक्यूमेंट्री, संवाद व संगोष्ठी, विशेष व्यक्तियों का सम्मान, दिव्यांगों को उपकरण वितरण एवं नशा मुक्ति व स्वच्छता अभियान सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे।

# 155 वाहनों पर पुलिस ने की कार्यवाही

**पुलिस मुख्यालय के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना यातायात के द्वारा निरंतर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विगत दो दिवसों में 155 वाहनो पर कार्यवाही थाना यातायात के द्वारा विशेष अभियान के तहत विगत दो दिवस में कुल 155 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई एवं 97400 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया ।

उक्त कार्यवाही में 11 ऐसे वाहन जिसमें फिटनेस नहीं होना पाया गया उनके विरुद्ध फिटनेस संबंधी धाराओं में कार्रवाई करते हुए कुल 28000 का जुर्माना लगाया गया।



वाहन क्रमांक एमपी-22 एच-1475 पर फिटनेस सहित बीमा ना होने के कारण कार्रवाई करते हुए कुल 10000 का जुर्माना किया गया

## जिले की कुल कार्यवाही

**विशेष अभियान के तहत जिला सिवनी में यातायात थाना सहित कुल 327 वाहनों पर कार्यवाही की जाकर कुल 164000-00 रुपए जुर्माना वसूल किया गया हैं।**

# कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली का आयोजन 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा केन्द्र की मोदी सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीति वोट चोरी के विरोध में लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के माध्यम से भाजपा की तानाशाही को जन जन तक पंहुचाने, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार दिनांक 12 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को 11 बजे, उज्जैन में ''वोट चोर गद्दी छोड़'' प्रदेश स्तरीय रैली आयोजित है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिले के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, जिला कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियो तथा ब्लॉक कांग्रेस मंडलम, सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष सहित समस्त मोर्चा संगठन के अध्यक्षों एवं कांग्रेस जनों को उज्जैन में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में निर्धारित समय पर पंहुचकर अपनी उपस्थिती सुनिश्चित कराने हेतु अपील की है।

# अटल पेंशन आउटरीच कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला सिवनी को अटल पेंशन योजना में उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन हेतु देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में आज अटल पेंशन आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम में नई दिल्ली से भारतीय पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक सुधीर सिंह एवं प्रबंधक श्री निशांत आनंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। गौरतलब है कि दिनांक 24 अगस्त 2025 को भारतीय पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा सिवनी जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक श्री प्रवीण कुमार दिसोरिया को सम्मानित किया गया था।



जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए ही भारतीय पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आनंद कुमार, सेंट्रल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कुमार उत्कर्ष सहित विभिन्न बैंकों एवं विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर लीड बैंक अधिकारी ने मिशन जीवन पर्यंत की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि और सम्मान का श्रेय कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं समस्त बैंकिंग संस्थानों तथा विभागीय अधिकारियों को जाता है।

# शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बरतें

## कलेक्टर सुश्री जैन ने स्थापना संबंधी शिकायतों की समीक्षा बैठक ली

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने मंगलवार 09 सितम्बर को जिला कार्यालय में विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों से संबंधित स्वत्वों एवं स्थापना संबंधी शिकायतों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बैठक में कलेक्टर ने विभागवार एवं प्रकरणवार लंबित शिकायतों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बरतें।

कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि कर्मियों से जुड़ी पेंशन एवं अन्य स्वत्व संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए ताकि कर्मचारी समय पर अपने अधिकार प्राप्त कर सकें। इसी तरह विभागीय जांच और अन्य कार्यवाही से जुड़े प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निपटारा किया जाए। कलेक्टर सुश्री जैन ने लंबे समय से लंबित शिकायतों के आवेदकों से भी टेलिफोनिक चर्चा की तथा उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। अधिकारी प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से अध्ययन कर समयबद्ध कार्रवाई करें और समाधान की जानकारी संबंधित को अवश्य उपलब्ध कराएँ।

कलेक्टर ने कहा कि शिकायत निवारण व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसके लिए सतत निगरानी की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# सतर्कता जागरूकता माह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिवनी द्वारा सतर्कता जागरूकता माह के अंतर्गत महर्षि विद्यामंदिर शाला सिवनी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर समस्त स्टाफ को वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी गई । बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल के विजिलेंस अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक श्री धीरज महाराज द्वारा स्टाफ सदस्यों को साइबर फ्रॉड से बचाव एवं धोखाधड़ी होने की स्थिति में तुरंत उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सिवनी शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्री नसीम खान ने स्टाफ सदस्यों से अपील की कि वे अपने बैंक खातों की गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करे । कार्यक्रम में विजिलेंस अधिकारी श्री धीरज महाराज, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्री नसीम खान, बैंक अधिकारी धर्मेंद्र सेठ, महर्षि विद्यामंदिर शाला के उप संचालक श्री आशीष सक्सेना एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे ।



## भाकपा ने किया प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सिवनी के जिला सचिव कॉमरेड ओमप्रकाश बुर्डे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सिवनी की बैठक पार्टी कार्यालय में कॉमरेड बी सी ऊके की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसका संचालन जिला सचिव कॉमरेड ओमप्रकाश बुर्डे ने किया। जिसमें जिले भर के पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम इंदौर के पूर्व सासंद और भाकपा म प्र के पूर्व राज्य सचिव कॉमरेड होमी दाजी को उनके जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई एवं कॉमरेड डी डी वासनिक, कॉमरेड ओमप्रकाश बुर्डे, कॉमरेड यीशु प्रकाश, कॉमरेड राहुल वासनिक, कॉमरेड तीरथ गजभिए, कॉमरेड राजेंद्र कुमार जायसवाल, कॉमरेड किरण प्रकाश आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कॉमरेड होमी दाजी को याद किया व श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कॉमरेड यीशु प्रकाश ने डबरा में सम्पन्न हुए 21 वे मध्य प्रदेश राज्य सम्मेलन की विस्तार पूर्वक रिपोर्टिंग की एवं सम्मेलन में लिए गए निर्णयों से सभी साथियों को अवगत कराया, तत्पश्चात कॉमरेड यीशु प्रकाश को राज्य कार्यकारिणी सदस्य, कॉमरेड डी डी वासनिक को कंट्रोल कमीशन का सदस्य एवं कॉमरेड ओमप्रकाश बुर्डे, कॉमरेड राहुल वासनिक, कॉमरेड गायत्री बाजपेई को राज्य परिषद का सदस्य निर्वाचित किए जाने पर सभी साथियों द्वारा बधाइयां दी गई और अभिनंदन किया गया।

# दिव्यांगजनों हेतु 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में आरसेटी द्वारा जिले के दिव्यांगजनों हेतु 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में दिव्यांगजनों को शॉप कीपर से संबंधित व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें।

संदीप परते, प्रभारी उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को कौशल आधारित शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। शॉपकीपर का प्रशिक्षण दिव्यांगजनों को रोजगार की मुख्यधारा से जोडने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर श्रीमती पूजा शर्मा ने उपस्थित दिव्यांगजनों को संबोधित कर कहा कि आरसेटी समय-समय पर विभिन्न ट्रेड जैसे सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, डेयरी, ब्यूटी पार्लर, कृषि कार्य, मोबाइल रिपेयरिंग आदि में भी प्रशिक्षण आयोजित करता है। इन प्रशिक्षणों के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं, जो उनके लिए भविष्य में नौकरी प्राप्त करने या स्वयं का व्यवसाय शुरू करने में सहायक होते हैं। आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को स्वरोजगार हेतु बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस सुविधा से दिव्यांगजन आर्थिक रूप से मजबूत होकर समाज में आत्मसम्मान के साथ खड़े हो सकते हैं।

# कांग्रेस नवागत अध्यक्ष ने सुनी जनता की समस्या, अध्यक्ष बोले मिलेगा न्याय



**सिवनी ।** जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी ने नगर मुख्यालय में जनसुनवाई प्रारंभ की, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेश मरावी असलम खान, सुरेन्द्र करोसिया, शिव सनोडिया, आदित्य भूरा मोंटो राकेश बघेल रमेश साहू आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नितिन सनोडिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सिवनी द्वारा सामान्य राशि वितरण नहीं करने एवं कांग्रेस जिला पंचायत सदस्यों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया तथा कार्यवाही का अनुरोध किया है। इसी तरह महामाया वार्ड झूलेलाल नगर में नाली सडक़ बनाये जाने को लेकर आरके सिंह देवी सिंह बघेल, रामकुमार, अतुल कुडापे ने आवेदन दिया।

इसी तारतम्य में मेहरा खापा निवासी दौडी पहाड शिव मंदिर में बिजली की केवल लाइन चोरी हो जाने से आस पास के गांव करकोटी लुंगसा घुरवाडा बिछुआ मिर्ची मेला रिझाई नये गांव समस्त जाति गत बंधु पूजा अर्चना करते है लाईट बंद होने से सीसी कैमरे भी बंद है अतः इस व्यवस्था को सुधारने की मांग की है।

कांग्रेस की जनसुनवाई को लेकर शिव सनोडिया ने कहा कि कांग्रेस चाहे पक्ष में रही या विपक्ष में लेकिन जनता के हमेशा सुख दुख में उनके साथ रही, और यह अभियान भी इसका उदाहरण है असलम खान ने कहा पीड़ित जनता को राहत दिलाने की पहल से लोगों में फिर विश्वास की पहल है।

## लोग हो रहे परेशान, लगता है जाम



# भोजनालय के खराब खाने से उड़ रही दुर्गंध

**शहर के कचहरी चौक से माधवराव सिंधिया चौक जाने वाले मार्ग स्थित भोजनालय संचालक द्वारा प्रतिदिन रोड किनारे खराब खाने के साथ ही अन्य अनुपयोगी सामग्री को फेंकी जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसके चलते क्षेत्र में दुर्गंध उड़ रही है जिससे क्षेत्रवासी सहित राहगीर परेशान है। रोड किनारे फेंका गया खराब भोजन व पन्नियां को मवेशी खा रहे हैं।

ज्ञात हो कि नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन कचरा संग्रहण वाहन (टिप्पर) शहर भर में कचरा संग्रहित करता है। ऐसे में भोजनालय संचालक द्वारा उक्त वाहन में खराब खाना व कचरा न डाल खुले में खराब हो चुका भोजन व अन्य अनुपयोगी सामग्री फेंकी जा रही है। ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

### लगता है जाम

कचहरी चौक से माधवराव सिंधिया चौक जाने वाले मार्ग में स्थित भोजनालय को खुले कुछ ही दिन हुए है, लेकिन संचालक की लापरवाही के कारण लोग परेशान है। भोजनालय में आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्राहक रोड पर ही वाहन खड़ा कर रहे हैं। जिसके कारण दोपहर व रात्रि के समय जाम की स्थिति बनती है। वही रोड में खड़े वाहन को हटाने की बात को लेकर विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। क्षेत्र के लोगों ने नगर पालिका व यातायात विभाग से इस ओर ध्यान देकर लोगों को हो रही परेशानियों से निजात दिलाने की मांग की है।

## तहसील क्षेत्र लांजी के ग्रामों में हो रही जमकर यूरिया की कालाबाजारी

# यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी से जूझते किसान

हरिभूमि न्यूज लांजी।

यूरिया खाद की कमी ने पूरे देश में हाहाकार मचाया हुआ है। यूरिया के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं। सेंटरों पर घंटों डेरा डालने व अन्य कोशिशों के बाद भी उन्हें यूरिया नहीं मिल रही। सरकार के अधिकृत मंडियों, सेंटरों व समितियों में यूरिया है ही नहीं। हर जगह किल्लत है, जबकि सरकार का कहना है कि देश में यूरिया की जितनी जरूरत थी, उतनी समितियों में भेज दी है। हुकूमती बयान को किसान किल्लत कहें या कालाबाजारी! कुल मिलाकर यूरिया की कमी का बिचौलिए और दलाल खूब फ ायदा उठा रहे हैं। यूरिया की पहली खेप जब सेंटरों पर पहुंची, तभी दलालों ने स्टॉक जमा कर लिए। उन्हें पता था कि इस बार भी हर साल की भांति यूरिया के लिए मारामारी मचेगी। किसानों को सरकार के अधिकृत सेंटरों से यूरिया नहीं मिलने पर वह मजबूरन दलालों से दूनी कीमतों पर खरीदने को विवश हैं। उनके सामने 'मरता क्या न करता जैसी नौबत जो है। यूरिया धान में नहीं डलेगी, तो फसल नष्ट हो जाएगी। ताज्जुब इस बात का है कि सहकारी समितियों पर यूरिया मौजूद होते हुए भी दुकानदार किसानों को मुहैया नहीं कराते। लोकल प्रशासन भी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्हें शिकायतें मिलती हैं कि सहकारी मंडियों और समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है, लेकिन निजी दुकानों पर ऊंचे दाम पर यूरिया मिल जाती है।

### 500 से 600 रूपये में खुलेआम घरों से बेचा जा यूरिया

जानकारी अनुसार तहसील क्षेत्र लांजी के साडरा, दिघोरी, कारंजा और अन्य ग्रामों में धान की पैदावार और उपजाऊ क्षमता को बढ़ाने के लिये छिड़का जाने वाले यूरिया की कालाबाजारी से क्षेत्र के अन्नदाता किसान खासे परेशान है। और ऐसा भी नहीं है की कृषि विभाग के अधिकारियों को इस कालाबाजारी की जानकारी नहीं है। परंतु कमीशन के खेल के आगे सब नतमस्तक हैं। वहीं जब यूरिया की बोरी अपने वाहनों में लादकर ले जा रहे तहसील क्षेत्र लांजी के ग्रामों में यूरिया की कालाबाजारी एक गंभीर समस्या बन गई है। किसानों को यूरिया की कमी का सामना करना पड़ रहा है, और उन्हें 500 से 600 रुपये में यूरिया खरीदना पड़ रहा है, जो कि बहुत अधिक है। इस समस्या के पीछे कई कारण हैं, जिनमें से एक यह है कि यूरिया की मांग अधिक है, लेकिन इसकी आपूर्ति कम है। इसके अलावा, कुछ व्यापारी और दलाल यूरिया की कालाबाजारी में शामिल हैं, जिससे किसानों को अधिक कीमत पर यूरिया खरीदना पड़ रहा है।

### बिना लिक्विड लिये नहीं मिलता यूरिया

किसानों से प्रति बोरी का मूल्य पूछा गया तो उन्होने चौकाने वाले जवाब दिये। उनके




द्वारा बताया गया प्रत्येक बोरी के साथ उन्हें एक लिक्विड की बोतल भी जबरदस्ती थमा दी जाती है ओर उसके साथ यूरिया दिया जाता है लिक्विड नहीं लेने पर किसान को यूरिया नहीं मिलता। यूरिया को दोगुने दाम पर बेचने वाले दुकानदारों का कहना है की जिला मुख्यालय में बैठे बड़े एजेंटों से यूरिया की आपूर्ति उन्हे यूरिया के साथ लिक्विड बेचने की शर्त पर ही उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें नीलम ट्रेडर्स गर्रा और नाकोड़ा ट्रेडर्स एवं अन्य दुकानदार शामिल है जिनके द्वारा बिना लिक्विड के यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जाता है ऐसे में यूरिया के साथ लिक्विड बेचना उनकी मजबूरी बन जाती है। वहीं विभाग की अनदेखी के कारण आपराधिक मामलो में लिप्त लोगों को भी कृषि केंद्र के संचालन का लाइसेंस मिल जाने से यूरिया की कालाबाजारी को जोर मिल रहा है।

### क्यों जरूरी है यूरिया

दरअसल, धान के लिए यूरिया सबसे बड़ी जरूरत होती है। पिछले कुछ दशकों से खेती पूर्ण रूप से यूरिया खाद पर निर्भर हो गई है। यूरिया ऐसी खाद है, जो किसी भी किस्म की फ सल की उर्वरक उत्पादन क्षमता बढ़ाती है। बेशक सरकारें ऑरगेनिंक फ सलों पर जोर देती हों। लेकिन कड़वी सच्चाई ये है कि जमीनें अब उतनी ताकतवर नहीं रहीं, जो बिना यूरिया के फ सलें उगा सकें। खेतों में इस समय धान की फ सल लगी है, उसमें यूरिया नहीं ड़लने से फसल मुरझाने लगी हैं।

### इनका कहना है

क्षेत्र में कृषि केंद्र संचालकों द्वारा अगर किसानों को ज्यादा मूल्य पर यूरिया बेची जा रही है, तो इसकी जांच फ़ूड अधिकारी से कराई जाएगी। हम कृषि केंद्र संचालकों के दुकानों के रजिस्टर की भी जांच करेंगे, जिसमें किस किसान को कितना यूरिया दिया गया है, उसका उल्लेख होता है। जांच में जो भी संचालक दोषी पाया जाता है, तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

**खुदीराम सनोडिया, एसडीओ**
**कृषि विभाग लांजी**

# नुक्कड़ नाटक के माध्यस से वन विभाग दे रहा हैं संदेश, कैसे करें टाईगर से रक्षा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

उत्तर सामान्य बालाघाट वनमंडल के वन परिक्षेत्र दक्षिण लामता सामान्य के अंतर्गत मानव - वन्यजीव संघर्ष में आत्म रक्षा हेतु जागरूकता तथा हिसंक वन्य जीवों के हमले से बचाव एवं वन्य जीवो की सुरक्षा वनो एव वन्य प्राणीयो कि सुरक्षा के संबंध मे मुख्य वनसंरक्षक गौरव चौधरी , वनमण्डलाधिकारी नेहा श्रीवास्तव, उपवन मंडल अधिकारी तरुण के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवम पुरी गोस्वामी परिक्षेत्र दक्षिण लामता सामान्य के निर्देशन में ग्रामीणों को वन्य प्राणियों के हमले से बचाव एवं सुरक्षा के संबंध में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से परिक्षेत्र सहायक वृत चाचेरी के अंतर्गत वन सुरक्षा समिति चिचोली के ग्राम मुंडीटोला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को वनों एवं वनों की सुरक्षा एवं हिंसक वन्य प्राणियों से सुरक्षा एवं बचाव के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वन्यप्राणियों के गाँव के आसपास मूवमेंट के दौरान किस प्रकार सावधानियां रखे एवं वन्य प्राणी विचरण के समय वन्य प्राणी के सामाने न जाये ,वन्य प्राणी दिखाने पर शांत रहें। किसी भी प्रकार का शोरगुल ना करें आदि के संबंध में समझाईश दी गई। कार्यक्रम में परिक्षेत्र सहायक अधिकारी मगरदर्रा रूपसिंह परते परिक्षेत्र सहायक अधिकारी चाचेरी गजेन्द्र बिसेन वन सुरक्षा समिति चिचोली अध्यक्ष संजय पारधी ,वनरक्षक कमल किशोर पाण्डेय अंबिका प्रसाद सैय्याम रजत बोपचे यश भैरम आशीष नेहर दीनदयाल पटले स्थाई कर्मी सुरक्षा सहयोगी साकेश जैतवार, रमेश यादव, विजय यादव का योगदान रहा।

# वन विभाग की नई पहल गांव गावं में बना रहे हैं टाईगर मित्र



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में वन्यजीवों की बढ़ती संख्या के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति बन रही है। बाघों के हमलों से हुई मौतों के कारण लोगों में वन्यजीवों के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

इस समस्या से निपटने के लिए वन विभाग ने एक नई पहल की है। विभाग हर गांव से 5 लोगों को टाइगर मित्र के रूप में चुन रहा है। ये टाइगर मित्र वन विभाग के लिए आंख और कान का काम करेंगे। परिक्षेत्र पूर्व और पश्चिम बैहर के अधिकारी कंदर्प भट्ट और उनकी टीम वन्यजीव संरक्षण के लिए जन संवाद, नुक्कड़ नाटक और गायन के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहे हैं। कंदर्प भट्ट ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर संगीत और नाट्य मंडली के जरिए ग्रामवासियों को वन्यजीव संरक्षण की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें वन्यप्राणियों से खुद को सुरक्षित रखने के तरीके भी बताए जा रहे हैं। टाइगर मित्रों को वन्यजीवों से जुड़ी किसी भी दुर्घटना, अवैध शिकार या शिकार के प्रयास की सूचना देने पर नकद इनाम दिया जाएगा। इस पहल से अवैध शिकार और जनहानि के मामलों में कमी लाने में मदद मिलेगी।

# फरार डिप्टी साहब और वनरक्षक पर ईनाम 5 हजार, जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के लालबर्रा स्थित सोनेवानी अभ्यारण्य में मादा बाघ की रहस्यमय मौत हो गई। इस मामले में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स एक महीने से फरार तत्कालीन डिप्टी रेंजर टिकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे की तलाश कर रही है।

2 अगस्त को सामने आए इस मामले में बाघिन का बिना प्रोटोकॉल के अंतिम संस्कार किया गया था। दोनों फरार वनकर्मियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट जबलपुर ने खारिज कर दी है। एसटीएसएफ की ओर से पेश वैज्ञानिक साक्ष्यों और दलीलों के आधार पर कोर्ट ने मामले को गंभीर माना है।



वनविभाग की टीम पहले ही 6 आदिवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जो वर्तमान में जेल में हैं। इन वनसुरक्षा श्रमिकों की गिरफ्तारी से जिले का आदिवासी समाज नाराज है। आरोपियों की जमानत याचिका सेशन न्यायालय पहले ही खारिज कर चुका था। हाईकोर्ट ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और हिरासत में पूछताछ के निर्देश दिए हैं। एसटीएसएफ ने दोनों फरार वनकर्मियों की जानकारी देने वालों के लिए 5-5 हजार रुपए का इनाम की घोषणा की है। सूचना देने के लिए 7067898223 या 9399185452 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने जिला संगठन में की पदाधिकारीयो की नियुक्ति


हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुशंसा एवं सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे ने जिला संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्तियां कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 7 मंत्री एवं अन्य पदों पर नियुक्तियां की है। भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जिला संगठन में की गई नियुक्तियों में जिला संगठन में महामंत्री के पद में सर्व समाज सेवी मिलनसार कर्मठ ईमानदार संजय मिश्रा को नियुक्ति प्रदान किया है 1 भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बनने पर उनके चाहने वाले ईष्ट मित्रों ने हार्दिक बधाई के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य स्वस्थ्य खुसहाल जीवन के लिये शुभकामनाएं प्रेषित किया है 1 इस अवसर पर संजय मिश्रा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रदेश और जिला स्तर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों बड़ों,शुभचिंतकों का हृदय से आभार मानते हुये धन्यवाद अर्पित किया है और कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई उसका वे सदा ईमानदारी लगन और बिना भेदभाव किए पालन करेंगे।

# सड़कों पर यातायात नियमों की अनदेखी; स्कूली बच्चों का वाहन चलाना जारी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। बालाघाट में यातायात नियमों का पालन नहीं हो रहा है। यातायात पुलिस के विशेष अभियान के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा है। 8 सितंबर से शुरू हुए इस अभियान में 10 सितंबर तक केवल 57 चालान काटे गए हैं।



चालान के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के 31, बिना सीट बेल्ट के 20, नाबालिग वाहन चालक का 1, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग के 3 और गलत साइड से वाहन चलाने के 2 मामले सामने आए हैं। हालांकि तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस और बिना परमिट वाहन चलाने के मामलों में कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्कूलों के सामने की स्थिति चिंताजनक है। नाबालिग छात्र दुपहिया वाहन चलाकर स्कूल और ट्यूशन जा रहे हैं। यातायात पुलिस स्कूलों में जागरूकता अभियान चला रही है, लेकिन वाहन चलाने वाले बच्चों पर रोक नहीं लगा पा रही है। स्कूल प्रशासन भी इस मामले में गंभीर नहीं दिख रहा है। यातायात थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश तिवारी बताते है कि सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूलों में समझाइश और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। सभी से विभाग अपेक्षा करता है कि वह यातायात नियमों का पालन करें।

## लांजी क्षेत्र के ग्राम कुल्पा में हुई दर्दनाक घटना

# सांप के काटने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज लांजी।






क्षेत्र के ग्राम कुल्पा में एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। एक ही परिवार के तीन लोगों को सांप ने काटा, जिसमें दो मासूमों कुनाल और इशांत की मौत हो गई। यह घटना 9 सितंबर 2025 की रात करीब 10 बजे हुई।

परिजनों के अनुसार, रात में खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए थे, लेकिन रात करीब 10 बजे दोनों बच्चों को उल्टी होने लगी। इसके बाद परिवार ने गांव के डॉक्टर को बुलाया और फिर गोंदिया के एक निजी अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था की। रास्ते में कुल्पा चौक पर छोटे बेटे ईशांत की मौत हो गई। परिवार ने ईशांत के शव को घर वापस लाया और दिनेश डाहरे व बड़े बेटे कुनाल को इलाज के लिए गोंदिया के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां बड़े बेटे कुनाल ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### चिकित्सकों के अनुसार सांप के काटने से हुई मौतें

चिकित्सकों के अनुसार यह हृदय विदारक घटना सांप के काटने के कारण हुई है। घर में डांडेकार सांप मिला, जिसे परिवार ने मार दिया। पुलिस ने मर्ग क्र. 62/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिवार में शोक की लहर

ग्राम कुल्पा में डाहरे परिवार के दोनों नौनिहालों की इस तरह अचानक मौत से पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दिनेश डाहरे की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, वह बार-बार अपने बच्चों को याद कर रो रही है। परिवार के अन्य सदस्यों का भी बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम का माहौल है। लोग परिवार को सांत्वना देने आ रहे हैं।

## बैठक लेकर जताया नाराजगी

# ई-अटेंडेंस से शिक्षकों को हो रही हैं परेशानी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश शासन के बाद अब जिला प्रशासन भी ई अटेंडेंस को लेकर सख्त रूप अपना रहा है। जहां एक दिन पूर्व सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित टीएल बैठक में , कलेक्टर मृणाल मीना ने विभागीय अफसरो को स्पष्ट निर्देशित करते हुए ई-अटेंडेंस के नियम का अनिवार्य रूप से पालन कराए जाने के सख्त निर्देश दिए हैं। जहां उन्होंने इस नियम का पालन न करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के आदेश जारी किए है। तो वही शिक्षको के साथ-साथ बीआरसी और खंड शिक्षा अधिकारियों पर भी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा दिए गए इन निर्देशो के बाद से ही ई अटेंडेंस को लेकर एक बार फिर से जिले के सभी शिक्षक संगठन नाराज है। जिन्होंने एक बार फिर से ई अटेंडेंस नियम का विरोध करते हुए, सर्वप्रथम एप की कमियों में तकनीकी सुधार करने, एप का डाटा सुरक्षित रखने और बैंक खाता सहित अन्य प्रकार की सुरक्षा की गारंटी दिए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने नेटवर्क समस्या और डाटा सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद ही ई-अटेंडेंस के इस नियम को मानने और एप के माध्यम से अपनी ई अटेंडेंस लगाए जाने की बात कही है। वहीं ई अटेंडेंस को लेकर जारी किए गए इस फरमान और प्रदेश भर में शिक्षकों के साथ ई अटेंडेस को लेकर घटी घटनाओ पर विचार करने के लिए मंगलवार को शिक्षा संवर्ग से जुड़े सभी संगठनों की एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले नगर के मोती गार्डन में आयोजित इस बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार डाटा, खाता व एप से सम्बंधित अन्य सुरक्षा की गारंटी नहीं देती और जब तक नेटवर्क सहित अन्य तकनीकी समस्याओं को दूर नहीं कर लिया जाता। तब तक कोई भी शिक्षक ईअटेंडेंस नहीं लगाएगा। जहां एप के माध्यम से ई अटेंडेंस लगाने में आने वाली विभिन्न परेशानियों को लेकर उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी बात रखने की भी रणनीति बनाई है।

**ई अटेंडेस नही लगाने पर कई शिक्षको को थमाए गए नोटिसः** उधर जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन पर ई अटेंडेस ना लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस थमाने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। बैठक में बताया गया कि सबसे ज्यादा लांजी क्षेत्र के शिक्षको को विभाग आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, राज्य शिक्षक संघ, शासकीय शिक्षक संघ, शिक्षक कांग्रेस, पुरानी पेंशन बहाली संघ, सेवानिवृत कर्मचारी संगठन सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**ना डाटा सुरक्षित है, ना बैंक खाता सुरक्षित है, कई शिक्षको के साथ हो चुका फ्रॉडः** बैठक के दौरान शिक्षकों ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से ई-अटेंडेंस लगाने कहा जा रहा है। जबकि एप के माध्यम से कई तरह के साइबर फॉड हो चुके हैं। बालाघाट जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश भर से साईबर फ्रॉड के मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें बताया गया है कि उनका सरकारी रिकॉर्ड, व उनका पर्सनल डाटा एप के माध्यम से लिक हो चुका है। तो वही कई साथियो के साथ साइबर फॉड कर बैंक खाते खाली कर दिए गए हैं। इस ऐप के माध्यम से ना तो डाटा सुरक्षित है, और ना ही बैंक खाता सुरक्षित है। वही नेटवर्क सहित अन्य तकनीकी समस्याओ का भी समाधान नहीं किया गया है। कई लोगों के साथ साइबर फॉड हो चुका है इसीलिए हम सुरक्षा की गारंटी मांग रहे हैं। यदि सरकार, हमारे डाटा और बैंक खाता की सुरक्षा की गारंटी देती है और बैंक खाते से

**पहले समस्या का समाधान करो, फिर लगाएंगे ई अटेंडेसः** सरकारी स्कूलों में शिक्षको की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने, शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने और सरकार के आदेशों का कड़ाई से पालन कराने के लिए लोक शिक्षण संचानालय ने शिक्षको के लिए 1 जुलाई को एक आदेश जारी किया था।जारी किए गए इस आदेश में सभी शिक्षकों को मोबाईल एप के माध्यम से ई अटेंडेंस प्रणाली के तहत हाजरी लगाना अनिवार्य किया गया है। बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा मोबाइल एप के नए वर्जन के जरिए शिक्षकों की अटेंडेंस को वेतन से भी जोड़ दिया गया है। जानकारी के अनुसार अगर एप से अटेंडेंस नहीं लगाई तो वेतन भी जनरेट नहीं होगा इसलिए शिक्षकों को हर हाल में ई-अटेंडेंस लगाना अनिवार्य किया गया है। लेकिन शासन द्वारा जारी किए गए इस आदेश का विरोध प्रदेश भर के समस्त शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी शिक्षकों ने स्पष्ट कर दिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए वे तब तक मोबाईल एप में ई-अटेंडेंस नहीं लगाएंगे जब तक डाटा और खाता सुरक्षित रखने की गारंटी नही मिल जाती। वही नेटवर्क सहित अन्य समस्या दूर होने के बाद ही ई अटेंडेस लगाने की बात कही है।

**शिक्षकों के लिए यह तुगलकी फरमान है - अरविंद पारधीः** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ प्रांतीय महासचिव अरविंद पारधी ने बताया कि आज बालाघाट जिले के शिक्षक संवर्ग के तमाम संगठनो की सामूहिक रूप से ई अटेंडेंस को लेकर बैठक बुलाई गई है। मध्य प्रदेश सरकार ने ई अटेंडेंस का एक तुगलकी फरमान जारी किया है। जिसमें सभी शिक्षकों को भी अटेंडेंस लगाने के लिए कहा गया है। जो शिक्षको की अटेंडेंस के लिए मोबाइल में ऐप इंस्टॉल कर उसमें विभिन्न जानकारियां भर रहे हैं ऐसे कुछ शिक्षकों के साथ में साइबर ठगी हो रही है। हमारे पास ऐसी कई शिकायत आई है। उनका डाटा लिक हो गया है, बैंक खाता खाली हो गए हैं, बैंक बैलेंस जीरो हो रहा है, कई लोगों मोबाइल टैंक हो गए हैं, उनका डाटा तक सुरक्षित के नहीं है। हम शासन से मांग करते हैं कि पहले ऐप को सुरक्षित किया जाए, डाटा और बैंक खाता सुरक्षा की गारंटी दी जाए, नेटवर्क की समस्या और अन्य तकनीकी खामियों को समाप्त किया जाए।उसके बाद हम ई अटेंडेंस लगाने तैयार है। हम बुधवार को कलेक्टर साहब से मुलाकात करेंगे और उन्हें अपनी समस्याएं बताएंगे मप्र शासन हमें विश्वास दिलाए की साइबर फॉड नहीं होगा, बैंक अकाउंट से गया हुआ पैसा वापस आएगा, तो ही हम भी ई अटेंडेंस लगाएंगे।

### इनका कहना हैं

हमारे शिक्षक एप से ई अटेंडेंस लगवाई जा रही है। एप पूर्णतः सुरक्षित नहीं है,अच्छी गुणवत्ता वाला नहीं है।प्रदेश में शिक्षक आर्थिक जालसाजी का शिकार हो रहे है,विदेशों से शिक्षकों को फ्रॉड काल आ रहे है, ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण ई अटेंडेंस नहीं लग पा रही है,कभी सर्वर डाउन होने की वजह से ई अटेंडेंटस नहीं लग पा रही,पहले शासन सुरक्षा सुनिश्चित करे,शिक्षकों के मोबाइल से ई अटेंडेंस न लगवाकर अन्य विकल्प जैसे बायोमेट्रिक मशीन शालाओं को प्रदान करे, शिक्षक इस प्रणाली से निश्चिंत होकर अटेंडेंस लगाएगे।

**आशीष बिसेन**
**जिलाध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ**